केंद्रीय विद्यालय सीतापुर प्रथम पाली

प्रथम सावधिक परीक्षा 2019-20

कक्षा XI

अवधि-90मि० **विषय –हिन्दी** **पूर्णांक-50**

1.निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 1x5=5

नए युग में विचारों की नई गंगा बहाओ तुम,
कि सब कुछ जो बदल दे,ऐसे तूफां में नहाओ तुम,
अगर तुम ठान लो तो आंधियों को मोड़ सकते हो,
अगर तुम ठान लो तो तारे गगन के तोड़ सकते हो
अगर तुम ठान लो तो विश्व के इतिहास में अपने-
सुयश का एक नव अध्याय भी तुम जोड़ सकते हो,
तुम्हारे बाहुबल पर विश्व को भारी भरोसा है –
उसी विश्वास को फिर आज जन-जन में जगाओ तुम |
पसीना तुम अगर इस भूमि में अपना मिला दोगे
करोड़ों दीन – हीनों को नया जीवन दिला दोगे |
तुम्हारी देह के श्रम – सीकरों में शक्ति है इतनी –
कहीं भी धूल में तुम फूल सोने के खिला दोगे |

क)यदि भारतीय नवयुवक दृढ़ निश्चय कर ले तो क्या-क्या कर सकते हैं ? **1**

ख)नवयुवकों से क्या-क्या करने का आग्रह किया जा रहा है ? **1**

ग)युवक यदि परिश्रम करे तो क्या लाभ होगा ? **1**

घ)आशय स्पष्ट कीजिए- **1**
‘कहीं भी धूल में तुम फूल सोने के खिला दोगे’

ड)काव्यांश में से कोई एक मुहावरा चुनकर उसका वाक्य प्रयोग कीजिए | **1**

2 . निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए –5

1)पीत पत्रकारिता किसे कहते हैं ? **1**

2)संपादक के दो प्रमुख उत्तर दायित्त्वों का उल्लेख कीजिए ? **1**

3)उल्टा पिरामिड शैली क्या होती है ? **1**

4) पत्रकारिता की भाषा में ‘बीट’ किसे कहते हैं ? **1**

5)मुद्रित माध्यम की एक विशेषता बताइए जो इलेक्ट्रानिक माध्यम में नहीं है ? **1**

3.बिजली की लगातार अघोषित कटौती के कारण पढाई में बाधा पड़ने की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए रमेश कुमार 20/50 निरालानगर नई दिल्ली की ओर से मुख्यमंत्री को पत्र लिखिए | **5**

4 . शहरों का दमघोंटू वातावरण अथवा ‘घरों में बुजुर्गों की स्थिति विषय पर एक फीचर लिखे |**5**

5 . निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 2x4=8

पग घुंघुरू बाँधी मीरा नाची ,
मैं तो मेरे नारायण सूं , आपहि हो गई सांची
लोग कहै, मीरा भई बांवरी , न्यात कहै कुल- नासी
विस का प्याला राणा भेज्या,पीवत मीरां हांसी
मीरां के प्रभु गिरिधर नागर , सहज मिले अविनासी |

क)मीरा किस अवस्था में मग्न है ? **2**

ख) मीरा स्वयं को क्या मानती है ? **2**
ग)सामान्य लोग मीरा के बारे में क्या कहते हैं ? **2**
घ)ये राणा कौन है ? इसने किसको ,क्या भेजा ? **2**

6 . निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए –2x3=6
क) मीरा कृष्ण की उपासना किस रूप में करती है ?वह रूप कैसा है ?
ख)कबीर की दृष्टि में ईश्वर एक है | इसके समर्थन में उन्होंने क्या तर्क दिए हैं ?
7 .निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए –2x3=6
जाड़े के दिन थे और रात का समय |नमक के सिपाही ,चौकीदार नशे में मस्त थे |मुंशी वंशीधर को यहाँ आए अभी छह महीने से अधिक न हुए थे , लेकिन इस थोड़े समय में ही उन्होंने अपनी कार्य कुशलता और उत्तम आचार से अफसरों को मोहित कर लिया था | अफसर लोग उन पर बहुत विश्वास करने लगे | नमक के दफ़्तर से एक मील पूर्व की ओर जमुना बहती थी , उस पर नाव का एक पुल बना हुआ था | दरोगा जी किवाड़ बंद किए मीठी नींद से सो रहे थे| अचानक आँख खुली तो नदी के प्रवाह की जगह गाड़ियों की गडगडाहट तथा मल्लाहों का कोलाहल सुनाई दिया | उठ बैठे |
1.एक दिन रात के समय मुंशी वंशीधर के दफ़्तर के आस-पास कैसा वातावरण था ? **2**
2.मुंशी वंशीधर को किस प्रकार का अफसर माना जाता था ? **2**
3.दारोगा जी की नींद खुली तो उन्हें क्या सुनाई दिया ? वे क्यों उठ बैठे ? **2**

8 .निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 5+5 =10
क) निजी होते हुए भी सार्वजनिक क्षेत्र में कुइंयों पर ग्राम्य समाज का अंकुश लगा रहता है| लेखक ने ऐसा क्यों कहा होगा ? **5**
ख) लेखक के मत में लता के गायन से चित्रपट संगीत पर क्या प्रभाव पड़ा है ,साथ ही लोगो के दृष्टिकोण में भी क्या अंतर आया है ? **5**